भारत सरकार - रेल मंत्रालय
अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन
लखनऊ - 226 011
EPBX (0522) 2451200
Fax (0522) 2458500

Government of India-Ministry of Railways
Research Designs & Standards Organisation
Lucknow - 226 011
DID (0522) 2450115
DID (0522) 2465310

अ.अ.मा.सं. RDSO
रेल अग्रदूत Transforming Railways

## प्रेस विज्ञप्ति

### रेलवे बोर्ड द्वारा आरडीएसओ को राजभाषा में उत्कृष्ट एवं प्रशंसनीय कार्य करने पर पुरस्कृत किया गया

रेलवे बोर्ड राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 20.03.2025 को आयोजित 154वीं त्रैमासिक राजभाषा समीक्षा बैठक के अवसर पर अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, रेलवे बोर्ड द्वारा अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन, लखनऊ को राजभाषा में उत्कृष्ट एवं प्रशंसनीय कार्य करने के लिए रेल मंत्री राजभाषा शील्ड/ट्रॉफी एवं चल वैजयंती पुरस्कार योजना- आधार वर्ष 2023 के अंतर्गत द्वितीय पुरस्कार के रूप में श्री शिव सागर मिश्र चल वैजयंती प्रदान किया गया, जिसे आयोजन में संगठन का प्रतिनिधित्व कर रही मुख्य राजभाषा अधिकारी डॉ. वीणा कुमारी वर्मा द्वारा प्राप्त किया गया।

इसी अवसर पर अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, रेलवे बोर्ड द्वारा रेलमंत्री राजभाषा रजत पदक आधार वर्ष - 2022 के अंतर्गत संगठन के पूर्व अपर महानिदेशक श्री शरद कुमार जैन को राजभाषा नीति के प्रचार-प्रसार में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने एवं अपना अधिकांश कार्य राजभाषा में करने तथा अपने अधीनस्थ कार्मिकों को अधिकाधिक कार्य राजभाषा में करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए रेल मंत्री राजभाषा रजत पदक एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

संगठन के महानिदेशक श्री उदय बोरवणकर के कुशल नेतृत्व, मुख्य राजभाषा अधिकारी डॉ. वीणा कुमारी वर्मा के बेहतर मार्गदर्शन एवं राजभाषा अधिकारी श्री अखिलेश कुमार श्रीवास्तव एवं राजभाषा विभाग के समस्त कार्मिकों के सराहनीय प्रयासों के परिणामस्वरूप संगठन को ये उपलब्धियां प्राप्त हुईं जो कि राजभाषा हिंदी की उत्तरोतर प्रगति में प्रयासरत संगठन के लिए यह अत्यंत गौरव एवं हर्ष का विषय है।

---

सं. पीआर/पब्लिसिटी/25/35 दिनांक: 21.03.2025

कृपया उपरोक्त समाचार को अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र में फोटोग्राफ सहित प्रकाशित करने की व्यवस्था करें।

21/03/2025

कृते कार्यकारी निदेशक/प्रशासन

सेवा मे,

संपादक............